तापमान

अधिकतम 29 .6 डिग्री
न्यूनतम 8 .7 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार, 19 नवंबर 2025



10 शहीदी नगर कीर्तन यात्रा में भक्ति भाव का जनसैलाब



10 दिल ढूंढ़ता है फिर वही फुरसत के..पर श्रोता मंत्रमुग्ध




## खबर संक्षेप

### आढ़ती की मौत के केस में फरार आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** पानीपत के गांव सनौली खुर्द की अनाज मंडी में दुकान पर आढ़ती सुनील को आत्महत्या के लिए मजबूर करने मामले में फरार चल रहे दूसरे आरोपी सुमित निवासी गांव तामशाबाद जिला पानीपत को को सीआईए श्री पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने पिता महेंद्र और गांव निवासी फरार साथी आरोपी शौकिन के साथ मिलकर आढ़ती सुनील को आत्महत्या के लिए मजबूर करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा है।

### दुकानदार पर जानलेवा हमले का आरोपी काबू

**पानीपत।** पानीपत सीआईए वन पुलिस टीम ने मांडी गांव में मोबाइल दुकान संचालक अमित पर जानलेवा हमला करने के फरार दूसरे आरोपी रिंकू को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी रिंकू गांव मांडी का ही निवासी है। रिंकू ने अपने साथी उपदेश के साथ मिलकर रंजिशन अमित पर जानलेवा हमला करना स्वीकारा है।

### अवैध हथियार के साथ बाइक सवार गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना सदर पुलिस ने दीपक पुत्र रामेहर निवासी गांव सिठाना जिला पानीपत को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। थाना सदर प्रभारी इंस्पेक्टर बलजीत ने बताया कि दीपक ने अपनी बाइक के बॉक्स के अंदर से एक कमानीदार बटन वाला चाकू बरामद कर केस दर्ज करवाया है।

### मिड डे मील वर्कर्स करेंगी डीसी ऑफिस पर प्रदर्शन

**अंबाला।** मंगलवार को सीटू से संबद्ध मिड डे मील वर्कर्स यूनियन ब्लॉक कमेटी की मीटिंग राज कुमारी प्रधान की अध्यक्षता में हुई। उप प्रधान किरण व सचिव सोनिया ने कहा कि 26 नवंबर को केंद्रीय ट्रेड यूनियंस के आह्वान पर होने वाले प्रदर्शन में वर्कर्स बढ़चढ़ कर भाग लेंगी।

## कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर पर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव जारी

# देश-प्रदेश की शिल्प और लोक कला के रंगों ने महोत्सव में बिखेरा अपना रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतर्राष्टीय गीता महोत्सव का मंच देश की संस्कृति और शिल्पकला का मुख्य केन्द्र बन चुका है। इस महोत्सव के मंच पर विभिन्न राज्यों की शिल्पकला और लोक संस्कृति को सहजता से देखा जा सकता है। देश-प्रदेश की इस अदभुत शिल्प और लोक कला के रंगों ने महोत्सव में अपना रंग बिखेरना शुरू कर दिया है।

■ बाजीगर, बहरुपिए और कच्ची घोड़ी के कलाकार कर रहे पर्यटकों का मनोरंजन

इस अनोखे संगम से ब्रहमसरोवर की फिजा भी महक उठी है। यह महक देश के कोने - कोने तक पहुंच चुकी है और इस महक से रो जा ना हजारों लोग ब्रहमसरोवर के तट पर खिंचे चले आ रहे है। अहम पहलू यह है कि अंतर्राष्टीय गीता महोत्सव के दौरान 48 कोस के 182 तीर्थों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 के शिल्प और सरस मेले का चौथा दिन है और रोजाना पर्यटकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। ब्रह्मसरोवर के घाटों पर उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र की तरफ से बेहतरीन कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जा रही है। इन प्रस्तुतियों में किसी घाट पर पंजाबी संस्कृति, कहीं पर हरियाणवी और कहीं पर हिमाचल तो कहीं पर राजस्थान की लोक संस्कृति को देखने का अवसर मिल रहा है। इस लोक संस्कृति का आनंद लेने के साथ-साथ लोग ब्रह्मसरोवर के चारों तरफ एनजेडसीसी और डीआरडीए की तरफ से लगे सरस और शिल्प मेले में अनोखी शिल्पकला को भी खूब निहार रहे है। इस वर्ष लगभग 800 स्टॉल लगाए गए है। इसमें राष्ट्रीय, राज्य अवार्डी शिल्पकार भी शामिल है। एनजेडसीसी के अधिकारी भूपेंद्र सिंह का कहना है कि एनजेडसीसी की तरफ से पंजाब का लड्डू, हिमाचल का किल्लू-नाटी, जम्मू कश्मीर का राउफ, उत्तराखंड का छपेली नृत्य से पर्यटकों का मनोरंजन कर रहे है। इसके अलावा महोत्सव में पंजाब से बाजीगर, राजस्थान से बहरुपिए और कच्ची घोड़ी के कलाकारों ने लोगों का मनोरंजन करना शुरू कर दिया है। हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, राजस्थान, हिमाचल के साथ-साथ कई अन्य राज्यों की लोक संस्कृति इस अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में देखने को मिल रही है जब इन लोक कलाकारों द्वारा ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर अपनी प्रस्तुति दी जाती है तो वहां पर देखने वाले पर्यटक अपने पैरों पर थिरकने को मजबूर हो जाते हैं।





**कुरुक्षेत्र।** पर्यटकों का मनोरंजन करते सपेरा बीन पार्टी के कलाकार तथा वाद्य यंत्रों की प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### मुख्य कार्यक्रम होंगे 24 से एक तक

*उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का शिल्प और सरस मेला जहां 5 दिसंबर तक चलेगा, वहीं इस महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम 24 नवंबर से 1 दिसंबर 2025 तक चलेंगे। इन मुख्य कार्यक्रमों में अंतर्राष्ट्रीय गीता सेमिनार, दीपोत्सव, वैश्विक गीता पाठ, संत सम्मेलन, विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियां मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 के मुख्य कार्यक्रम ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में होंगे। इस मुख्य मंच पर सुबह और सायं के समय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। इस महोत्सव में सांध्यकालीन कार्यक्रम करीब 6 बजे शुरू होंगे। प्रशासन की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए है।*

## महोत्सव में कश्मीरी शॉल व सूटों के काफी कद्रदान

**कुरुक्षेत्र।** अंतर्राष्टीय गीता महोत्सव में पिछले कई सालों में लाखों रुपए के शॉल व कश्मीरी सूट पर्यटकों को बेच चुके है। इस शिल्पकला को कुरुक्षेत्र गीता महोत्सव में आने वाले पर्यटक बहुत अधिक पंसद करते है। इस महोत्सव में गत्त वर्ष लाखों रुपए के शॉल और कश्मीरी सूट की सेल हुई थी। अहम पहलू यह है कि उनकी कश्मीरी शॉल व सूटों के महोत्सव में काफी कद्रदान है, जो हर वर्ष उनसे कश्मीरी शॉल व गर्म सूट खरीद कर लेकर जाते है। शिल्पकार अख्तर ने महोत्सव-2025 में स्टॉल नंबर 303 और 771 में शॉल और कश्मीरी सूट को स्टॉल लगाया है। उन्होंने कहा कि उच्च गुणवत्ता की पश्मीना शाल को बनाने में काफी समय लग जाता है। इस शाल की कीमत लाखों रुपए में होती है। इस शाल को वैरायटी के हिसाब से 5 या 6 माह में भी तैयार किया जा सकता है। इस स्टॉल पर शिल्पकार ने कश्मीरी शाल, लोई, कम्बल, सूट, फैरन आदि उत्पादों को कुरुक्षेत्र और आस-पास के पर्यटकों के लिए रखा है। इस महोत्सव में सालों से पर्यटकों की कश्मीरी शाल की पेशकस को पूरा करने का प्रयास कर रहे है। यहां महोत्सव में आने के लिए हमेशा उत्साहित रहते है। उन्होंने विशेष बातचीत करते हुए कहा कि पुश्तों से उनका परिवार कश्मीरी शाल बनाने का काम कर रहा है। इस महोत्सव में पश्मीना की कश्मीरी शाल जिसकी कीमत 1 हजार रुपए से लेकर 25 हजार रुपए तक है, लेकर आए है।



### सिराज लेकर पहुंचे सिल्क की साडी, सूट और दुपट्टे

**कुरुक्षेत्र।** गीता महोत्सव-2025 में शिल्प का सिराज बिहार के गांव भागलपुर से महिलाओं के लिए सिल्क की साडियां, सूट और दुपट्टे बनाकर लाए है। इस महोत्सव में 1000 रुपए से लेकर 5 हजार रुपए तक के सूट और साडियां लाए है। अहम पहलु यह है कि जब से गीता जयंती शुरू हुई है तब से शिल्पकार महोत्सव में पहुंच रहे है। महोत्सव के शिल्प मेले में स्टॉल नंबर 326 पर शिल्पकार सिराज ने सिल्क शिल्पकला को सजाया है। शिल्पकार सिराज ने बातचीत करते हुए कहा कि जब से गीता जयंती शुरू हुई है तब से बिहार से सिल्क की साडी, सूट और दुपट्टे की शिल्पकला को लाए है। उनके पास मटका सिल्क, टसर सिल्क, मुंगा सिल्क, रुआ टसर, टसर मटका, कोटन सिल्क, खादी निलन, दुपट्टे सहित अन्य विरायटियों को रखा है। इस समय उनके पास 100 रुपए से लेकर 1500 रुपए और फिर 5 हजार रुपए की कीमत तक के उत्पादों को रखा गया है। महोत्सव उनके लिए खास है पिछले वर्ष महोत्सव में लगभग 5 लाख रुपए का सिल्क का सामान बेचा और यहां की महिलाएं उनके सिल्क के सूट, साडियों और दुपट्टों को बडे चाव से खरीदती है।

### पेंटिंग के शौक को व्यवसाय बनाया पंचकूला की अंकिता ने

**कुरुक्षेत्र।** जो इंसान शौक को व्यवसाय बना लें वो अपने जीवन में आनन्द और आय दोनों प्राप्त करता हैं। इतना ही नहीं दूसरों के लिए एक मॉडल भी बन जाता हैं। यही खुबी हरियाणा के एक मात्र पहाडिय क्षेत्र मोरनी व पंचकूला से आई अंकिता में है। पंचकूला निवासी अंकिता बताती है कि उसे बचपन से ही पेंटिग करने का शौक था। पढ़ाई करने के साथ-साथ पेंटिग के अभियास को जारी रखा। शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ पेंटिग के हुनर में निखार लाया गया। लोगों द्वारा उसकी पेंटिग की सराहना ही नहीं बल्कि खरीदने के लिए डिमांड आने लगी। जिसको देखते हुए अपने शौक को व्यवसाय में बदल दिया। उन्होंने बताया कि इस कार्य को करने में उसके साथ कई साथी उसका सहयोग दें रहे हैं। कई लोगों को रोजगार भी मिला हैं और कईयों ने उनको देखकर अपना काम भी शुरू कर लिया हैं। अंकिता ने बताया कि गीता महोत्सव में यह उनका पहला अनुभव है, वे स्टॉल नंबर 23 पर अपने हाथों से बने उत्पाद को बिक्री करने के लिए पहुंची है। अबतक उसके पास जो भी नागरिक पहुंचे है उन्हें घर में प्रयोग होने वाले जरूरी सामान व पेंटिंग बहुत पंसन्द आई हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले वे इतने बड़े कार्यक्रम में कभी नहीं गई, जबकि मौजूदा समय में उसके उत्पादों की बाजार में काफी मांग हैं। हर माह सोशल मीडिया के माध्यम से भी अच्छी आय अर्जित कर रही हैं। यहां पर मिलने वाले अनुभव से वे बहुत कुछ सिखकर जाएंगे।

## डंपर ने बाइक सवारों को कुचला, युवक की मौत

■ छछरौली स्थित बालकुंज के पास हुआ हादसा, दूसरा युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी-पावंटा हाइवे पर छछरौली स्थित बालकुंज के पास तेज रफ्तार डंपर ने बाइक पर सवार दो युवकों को कुचल दिया। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

गांव याकूबपुर निवासी विजय कुमार अपने साथी गांव मेघुवाला निवासी रितेश के साथ बाइक पर यमुनानगर से अपने गांव वापस जा रहे थे। जब वह दोनों पावंटा हाइवे पर छछरौली के पास स्थित बालकुंज के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रहे डंपर ने उनकी बाइक को कुचल दिया। डंपर की टक्कर लगने से रितेश साइड में जा गिरा जबकि विजय कुमार डंपर की पिछले टायर के नीचे फंस गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी डंपर चालक टायर के नीचे फंसे शव को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। हादसे के बाद हाइवे पर वाहनों की लंबी लाइनें लग गई। जिससे जाम की स्थिति पैदा हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही छछरौली थाना प्रभारी रोहताश मौके पर पहुंचा। उसने शव को खींचकर टायर के नीचे से बाहर निकाला।

### उपचार के नाम पर तांत्रिक ने विधवा से किया दुष्कर्म

**करनाल।** इंद्री थाना क्षेत्र की एक महिला ने शहर की एक कॉलोनी में रहने वाले तांत्रिक अमित कुमार पर रेप और जबरन अप्राकृतिक कृत्य करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि वह मूल रूप से एक गांव की रहने वाली है और पति की मृत्यु के बाद मानसिक तनाव में थी। इसी परेशानी के दौरान उसकी मुलाकात मछली मार्केट में तंत्र–मंत्र का कार्य करने वाले अमित कुमार से हुई थी। तांत्रिक ने उससे कहा कि उसके ऊपर 'प्रेत बाधा' चल रही है और वह इसका निष्कासन कर देगा। भरोसा दिलाकर तांत्रिक ने उसे पत्तों में लिपटा कोई पदार्थ दिया जिसे खाने के बाद वह बेहोश हो गई। इसके बाद आरोपी ने महिला के हाथ–पैर बांध दिए और उसके साथ रेप किया। होश में आने पर किसी को बताने पर जान ले लेने की धमकी दी।

### श्री गुरु तेग बहादुर को समर्पित नगर कीर्तन यात्रा शुरू

# श्री गुरु तेग बहादुर ने मानवता, धर्म और देश की रक्षा के लिए दिया बलिदान : नायब सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के पावन अवसर पर यमुनानगर जिले के साढ़ौरा से मंगलवार को चौथी पवित्र नगर कीर्तन यात्रा का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुद्वारा ड्योढी साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष अरदास करते हुए श्री गुरु तेग बहादुर जी के तप व त्याग का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने ऐच्छिक कोटे से गुरुद्वारा ड्योढी साहिब को 31 लाख रुपये देने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरुओं का तप व त्याग का संदेश और गौरवशाली इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार और हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष को भव्य स्तर पर मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी ने मानवता, धर्म और देश की रक्षा के लिए महान बलिदान दिया, जिसे प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना आवश्यक है ताकि आने वाली पीढ़ियां इस प्रेरणादायक इतिहास से सीख ले सकें।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में चार पवित्र नगर कीर्तन यात्राएं निकाली जा रही हैं, जो हरियाणा के सभी जिलों से गुजरेंगी। इन यात्राओं का समापन 24 नवंबर को कुरुक्षेत्र में होगा। जहां सर्वधर्म सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। अगले दिन 25 नवंबर को श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस पर कुरुक्षेत्र में महा समागम का आयोजन होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उन्होंने साध संगत से निवेदन किया कि वे परिवार सहित कुरुक्षेत्र की पावन धरती पर पहुंचकर इस ऐतिहासिक महा समागम का हिस्सा बनें।





**यमुनानगर।** साढ़ौरा स्थित गुरुद्वारा ड्योढी साहिब में नगर कीर्तन यात्रा के शुभारंभ पर साध संगत को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा गुरुद्वारा ड्योढी साहिब में अरदास करते हुए

### शुगर मिल में एक करोड़ 25 लाख क्विंटल गन्ना पेराई का निर्धारित किया लक्ष्य

# सरस्वती शुगर मिल में गन्ना पेराई के कार्य का शुभारंभ

■ पहले दिन मिल में हुई करीब 60 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

उत्तर भारत की सबसे बड़ी सरस्वती शुगर मिल यमुनानगर में मंगलवार सुबह नौ बजे चालू सत्र 2025-26 के लिए गन्ना पेराई कार्य का शुभारंभ हो गया। गन्ना पेराई का कार्य शुरू होने से पहले हवन-यज्ञ किया गया। इसके बाद शुगर मिल के मुख्य संचालन अधिकारी एसके सचदेवा व सीनियर वाइस प्रेजिडेंट (प्रशासन) डीपी सिंह, सीनियर वाइस प्रेजिडेंट (टैक्नीकल) सत्यवीर सिंह, वाइस प्रेजिडेंट (केन)ललित कुमार समेत अन्य अधिकारियों द्वारा नारियल तोड़कर व गन्ने का पूजन कर गन्ना पेराई के कार्य का शुभारंभ किया। मिल शुभारंभ पर मिल में सबसे पहले गन्ना लाने वाले पहले तीन किसानों में गांव दौलतपुर के किसान मुस्तफा , गांव रायपुर निवासी गफूर व गांव मैहलावाली निवासी गुरमेज सिंह को तथा गन्ना क्रय केन्द्र पाबनी व गन्ना केन्द्र कुलपुर से आए ट्रक चालकों को हार पहनाकर व उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद गन्ना पेराई के कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। मौके पर लड्डू खिलाकर एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया गया।



**यमुनानगर।** सरस्वती शुगर मिल में गन्ना पेराई कार्य के शुभारंभ पर मशीनों व गन्ने का पूजन करते मिल अधिकारी।

### एडवांस टोकन प्रणाली की लागू

*वाइस प्रेजिडेंट (केन) ललित कुमार ने बताया कि मिल गेट पर गत वर्ष की भांति सीजन 2025-26 में भी एडवांस टोकन प्रणाली लागू की गई है। जिससे किसान घर बैठे अपनी ट्राली के लिए टोकन नम्बर व लाईन का चुनाव कर सकता है। ताकि किसानों को गन्ना आपूर्ति करने में कम से कम समय लगे व उन्होंने किसानों से अनुरोध किया कि अपनी ट्राली पर मिल द्वारा जारी किया गया नम्बर अवश्य लिखवा लें ताकि मिल में गन्ना तुलवाने में कोई परेशानी न हो।*

### किसानों से योजना का लाभ उठाने का अनुरोध

मिल के मुख्य संचालन अधिकारी एसके सचदेवा ने बताया कि इस वर्ष मिल द्वारा गन्ना पिराई का लक्ष्य एक करोड़ 25 लाख किवंटल रखा गया है। गत पेराई सत्र में मिल में एक करोड़ 40 लाख क्विंटल गन्ना की पेराई की गई थी। उन्होंने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी मिल ने सरस्वती गन्ना किसान पंजीकरण योजना का लाभ उन किसानों को दिया जाएगा जो अपने कुल गन्ना उत्पादन का 85 प्रतिशत या अधिक मिल में सप्लाई करेंगें।

सचदेवा ने किसानों से अपना सारा गन्ना मिल को सप्लाई कर इस योजना का लाभ उठाए जाने का अनुरोध किया।

## पोक्सो एक्ट के दोषी को 20 साल सश्रम कारावास

■ दोषी पर दो लाख रुपए जुर्माना की सजा भी सुनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने पोक्सो एक्ट के आरोपी अमन वासी जिला कुरुक्षेत्र को 20 साल कठोर कारावास व 2 लाख रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है।

थाना शाहबाद एरिया वासी एक महिला ने बताया कि उसकी नाबालिग लडकी 11वीं की छात्रा है। 8 फरवरी को घर से बिना बताये किसी के साथ चली गई है। जांच के दौरान गुमशुदा लड़की को बरामद किया गया तथा मैडिकल करवाया गया। आरोपी को गिरफ्तार करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था। मामले की नियमित सुनवाई फास्ट ट्रैक स्पैशल कोर्ट में करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर आरोपी अमन वासी जिला कुरुक्षेत्र को दोषी करार देते हुए आईपीसी की धारा 363 के तहत 5 साल कठोर कारावास व 50 हजार रुपये जुमार्ने की सजा तथा जुमार्ना न भरने की सूरत में 2 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा, आईपीसी की धारा 366-ए के तहत 5 साल कठोर कारावास व 50 हजार रुपये जुमार्ने की सजा तथा जुमार्ना न भरने की सूरत में 2 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा व पोक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत 20 साल कठोर कारावास व 1 लाख रुपये जुमार्ने की सजा तथा जुमार्ना न भरने की सूरत में 6 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई।

## खबर संक्षेप

### नशा मुक्ति सेमिनार में युवाओं ने ली शपथ

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी अध्यक्ष उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में मंगलवार को नशा मुक्ति सेमिनार आयोजित किया गया। सेक्रेटरी कुलबीर मलिक ने नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर युवाओं को नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं और नशे से दूरी ही सफलता का मार्ग है। उन्होंने एनसीबी का टोल फ्री नंबर 1933 साझा किया और सभी प्रतिभागियों ने बारकोड स्कैन कर नशा न करने की शपथ ली। एक दिव्यांगजन को रेडक्रॉस की ओर से जॉयस्टिक व्हीलचेयर प्रदान की गई।

### गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस यात्रा 19 से 24 तक

करनाल। हिंद दी चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहीदी वर्षगांठ यात्रा 19 नवंबर को करनाल पहुंचेगी और 24 नवंबर तक विभिन्न स्थानों पर ठहरेगी। उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि यात्रा मार्ग पर एम्बुलेंस, डॉक्टरों की टीम और स्वच्छ पेयजल की विशेष व्यवस्था की गई है। यात्रा गुरुद्वारा इसराना साहिब से प्रारंभ होकर जुण्डला, मुनक, गगसीना, बांसा, असंध, निसिंग, करनाल शहर के प्रमुख चौकों और कलंदरी गेट डेरा कार सेवा से होती हुई 24 नवंबर को कुरुक्षेत्र में प्रवेश करेगी।

### प्रॉपर्टी आईडी स्व-प्रमाणीकरण अभियान तेज

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त उत्तम सिंह के निर्देशानुसार प्रॉपर्टी आईडी स्व-प्रमाणीकरण अभियान तेजी से चल रहा है। उप-निगम आयुक्त अभय सिंह ने बताया कि निगम की 10 टीमें घर-घर जाकर प्रॉपर्टी आईडी प्रमाणित कर रही हैं और अब तक 67,517 संपत्तियों का सत्यापन हो चुका है। निगम कार्यालय के काउंटरों व सभागार 207 में भी यह सुविधा उपलब्ध है। नागरिक एनडीसी पोर्टल पर लॉगिन कर स्वयं भी अपनी प्रॉपर्टी आईडी यस कर डेटा लॉक कर सकते हैं। किसी भी त्रुटि की स्थिति में संबंधित दस्तावेजों के साथ अटल सेवा केंद्र में ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करवाई जा सकती है, जिसे निगम द्वारा ठीक कर दिया जाएगा।

### बुजुर्गों को एसडीएम कोर्ट में मिला न्याय

**घरौंडा।** उपमंडल अधिकारी (ना0) घरौंडा के न्यायालय में वरिष्ठ नागरिकों से सम्बंधित तीन मामलों की सुनवाई उपमंडल स्तरीय ट्रिब्यूनल कमेटी के चेयरमेन एवं एसडीएम घरौंडा राजेश कुमार सोनी व ट्रिब्यूनल की सदस्य सीमा शर्मा द्वारा की गई जिनमें से दो का मौके पर निपटारा कर दिया गया और एक मामले को आगामी तिथि के लिए लंबित रखा गया।
उन्होंने बताया कि एक केस गांव गोगड़ीपुर से सम्बंधित था जिसमें बुजुर्गों द्वारा शिकायत में लिखा गया था कि उनके बच्चे उनकी देखभाल नहीं करते है तथा घर में आने जाने नहीं देते हैं जिस पर कमेटी द्वारा उनके बच्चों को निर्देश दिए गए कि उनके माता-पिता उनके घर में रहेंगे तथा बच्चे उनकी देखभाल करेंगे। जिस पर उनके बच्चों ने लिखित में आश्वासन दिया कि वह अपने माता-पिता की देखभाल करेंगे।

## जिले में बढ़ती अपराधिक वारादातों के मद्देनजर पुलिस की बढ़ी कार्रवाई

# यमुना विहार कॉलोनी में प्लॉट कब्जाने का प्रयास, पुलिस ने दो आरोपी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

थाना रामनगर पुलिस ने यमुना विहार कॉलोनी में प्लॉटों पर कब्जा करने के प्रयास के मामले में दो आरोपियों को काबू किया है। यह कार्रवाई शिकायतकर्ता अनिल कुमार पुत्र पाला राम की शिकायत के आधार पर की गई। मामले की जांच सहायक उप निरीक्षक विनोद कुमार के नेतृत्व में की गई।

जांच के बाद पुलिस टीम ने आरोपियों में रमेश पुत्र रघुनाथ निवासी रामनगर, करनाल और विशाल वालिया पुत्र अमरजीत सिंह निवासी करनाल को प्रेम नगर, करनाल से गिरफ्तार किया। अनुसंधान अधिकारी के अनुसार आरोपियों ने 16 नवंबर को अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर कॉलोनी में प्लॉटों पर अवैध कब्जा करने की कोशिश की थी। पुलिस का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और उनके अन्य साथियों की पहचान की जा रही है। आज आरोपियों को अदालत में पेश कर एक दिन का पुलिस रिमांड लिया गया है। रिमांड के दौरान पुलिस उनसे गहन पूछताछ कर वारदात में प्रयुक्त सामान और अवैध गतिविधि से जुड़े तथ्यों का पता लगाएगी।



करनाल। पुलिस के गिरफ्त में प्लॉट पर कब्जा करने के प्रयास का आरोपी।



करनाल। पुलिस की गिरफ्त में वाहन बैटरी चोर। फोटो : हरिभूमि

### दो वाहन बैटरी चोर गिरफ्तार

**करनाल।** थाना शहर के अंतर्गत पुलिस चौकी हंसी रोड की टीम ने चोरी की वारदातों में शामिल एक गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई चौकी इंचार्ज सतीश कुमार के नेतृत्व में की गई। पकड़े गए आरोपियों के नाम हैं प्रगट सिंह उर्फ बबू पुत्र सुखचैन निवासी महेंद्र नगर, उत्तर प्रदेश और दिनेश उर्फ दीनू पुत्र भुवन चंद निवासी शिवाजी कॉलोनी, करनाल। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने हंसी रोड क्षेत्र से भारी वाहनों की बैटरियां चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी पहले भी चोरी की घटनाओं में शामिल रहे हैं। दोनों को आज माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जिला जेल भेज दिया गया।

### नशे के मामले में पुलिस ने तीन दबोचे

करनाल। करनाल पुलिस ने नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।
पहला मामला: अपराध अन्वेषण शाखा-1 की कार्रवाई विश्वसनीय सूचना पर ऊँचा समाना–कुटेल रोड से अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में सुनील पुत्र सत्यनारायण निवासी मंडी, पानीपत और सागर पुत्र सत्यवान निवासी कुराना, पानीपत। पुलिस ने दोनों के कब्जे से चरस बरामद की है। टीम आरोपियों से नशे के नेटवर्क संबंधी जानकारी जुटा रही है। दूसरा मामले में चौकी मंगलौर की टीम ने उप निरीक्षक मनजीत सिंह के नेतृत्व में एक आरोपी को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों में बलिंदर पुत्र प्रेम सिंह निवासी बुड्ढा खेड़ा, करनाल। पुलिस ने आरोपी के पास से स्मैक बरामद की है।
दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कर लिए गए हैं और यह पता लगाने के लिए अनुसंधान जारी है कि नशे के इस नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल है।



### आईटीआई में विधिक सेवा प्राधिकरण शिविर

**करनाल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार शारदा के दिशा-निर्देशानुसार बाबू मूलचंद जैन आईटीआई में जागरूकता शिविर आयोजित हुआ। डीएलएसए सचिव डॉ. इरम हसन ने विद्यार्थियों को वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम 2007 की जानकारी दी और माता-पिता का सम्मान बनाए रखने का संदेश दिया। श्रमिक सुरक्षा अभियान के तहत श्रमिक रजिस्ट्रेशन, समान वेतन, चिकित्सा सुविधा, आवास, कन्यादान योजना के बारे में जानकारी दी गई। डाटालीड्स प्रतिनिधि अलन व निशा ने 'जागरूक जाओ' कैंपेन के अंतर्गत सुरक्षित प्रवासन प्रक्रिया व विदेशों में कार्य-जीवन स्थितियों के बारे में मार्गदर्शन दिया।



### दलितों, पिछड़ों पर अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन

ईशम सिंह राणा व बाबूराम की अगुवाई, राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा
हरिभूमि न्यूज करनाल। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने दलितों, पिछड़ों और महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता फव्वारा पार्क से नारेबाजी करते हुए जिला सचिवालय पहुंचे। प्रदर्शन का नेतृत्व ईशम सिंह राणा और बाबूराम ने किया। भाकपा जिला सचिव जिले सिंह पाल ने कहा कि अनुसूचित जाति व पिछड़े तबकों पर अत्याचार चरम पर है और सुसाइड नोट मिलने पर भी पुलिस कार्रवाई नहीं करती। भवन निर्माण श्रमिकों की सुविधाएं बंद और सार्वजनिक क्षेत्र का निरंतर निजीकरण गंभीर चिंता का विषय है। ज्ञापन में मांग की गई कि एससी/एसटी सब-प्लान का फंड उसी समाज के विकास पर खर्च हो, मनरेगा के 200 दिन तय हों और 800 रुपये दैनिक मजदूरी दी जाए। भवन निर्माण मजदूरों की बंद की गई सुविधाएं बहाल की जाएं। इस अवसर पर धर्मपाल सिरसी, माईचंद, सतपाल सिरसी, अमित

# पंडित चिरंजी लाल शर्मा कॉलेज में प्लेसमेंट फेयर का शुभारंभ

- मेयर रेनू बाला गुप्ता ने किया शुभारंभ, 360 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में डिवीजन स्तर का प्लेसमेंट फेयर आयोजित किया गया। करनाल, पानीपत और कैथल जिलों के 13 कॉलेजों के अंतिम वर्ष के लगभग 360 विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया। मुख्य अतिथि मेयर रेनू बाला गुप्ता ने पौधारोपण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य डॉ. रेखा त्यागी ने मुख्य अतिथि का स्वागत कर स्मृति चिन्ह के रूप में पौधा भेंट किया। मेयर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्लेसमेंट फेयर करियर निर्माण का सशक्त अवसर है तथा सरकार युवाओं के कौशल विकास को प्राथमिकता दे रही है। प्राचार्य डॉ. त्यागी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम रोजगार प्लेटफॉर्म प्रदान करने में अत्यंत उपयोगी हैं। प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ. रमेश अरोड़ा ने बताया कि वृंदा ग्लोबल, एचडीएफसी लाइफ, ज़ीलैब फार्मेसी, बैकड्रॉप सॉल्यूशंस, बुकिंग विंडो सहित कई कंपनियों ने भाग लिया।

### चीनी मिल 25 नवंबर से शुरू करेगी पिराई

**करनाल।** करनाल सहकारी चीनी मिल का पिराई सत्र 2025-26 आगामी 25 नवंबर से विधिवत रूप से शुरू होने जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को मिल परिसर में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ बॉयलर पूजन एवं हवन किया गया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक अदिति, तकनीकी अधिकारी व सभी कर्मचारी उपस्थित रहे और नए पिराई सत्र की सफलता के लिए प्रार्थना की। प्रबंध निदेशक अदिति ने बताया कि मिल की मरम्मत और रखरखाव का कार्य 100 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि 20 नवंबर को स्टीम ब्लोइंग, जबकि 21 नवंबर को सुबह 6 बजे मास्टर ट्रायल शुरू किया जाएगा।

# युवा इनेलो की जिला बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा, समन विर्क जिला महासचिव नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



युवा इनेलो की बैठक मंगलवार को जीटी रोड स्थित कार्यालय में जिला प्रधान मनिंदर सिंह पुनिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य कार्यकारिणी के जिला प्रधान सुरजीत शामगढ़ सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में संगठन विस्तार को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। इसी क्रम में प्रेमनगर निवासी समन विर्क को जिला महासचिव नियुक्त किया गया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें मिठाई खिलाकर और फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। अपनी नियुक्ति पर समन विर्क ने जिला प्रधान तथा हाईकमान का आभार व्यक्त किया। जिला प्रधान मनिंदर सिंह पुनिया ने कहा कि संगठन में हमेशा सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ताओं को ही जिम्मेदारी दी जाती है। उन्होंने धान घोटाले के आरोपी अधिकारियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए कहा कि किसानों को लूटने वालों पर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। बैठक की शुरुआत में दिल्ली में हुए आतंकी हमले की निंदा की गई। इस अवसर पर सुनील सांगवान, प्यारा सिंह, गोल्डी संधू, अमरीक सिंह, लाला नरवाल, छपनु नरवाल, अंकुश शर्मा, सन्नी भिंडर, विक्रम संधू, अमन सागर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### विधायक योगेंद्र राणा ने किया विकास कार्यों का शुभारंभ

**करनाल/असंध।** असंध विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के अंतर्गत मंगलवार को वार्ड नंबर 16 में डॉ. राणा के घर से दिनेश बंसल के घर तक लगभग 11.50 लाख की लागत से बनने वाली गली के निर्माण कार्य का उद्घाटन विधायक योगेंद्र राणा द्वारा किया गया। इस अवसर पर पार्षद अनिता रानी, संजू बैरागी (अरडाना), पार्षद प्रतिनिधि चैन सिंह, राजकुमार पंचाल, कुलदीप पंचाल, आजाद नंबरदार, गोरा सिंह, कृष्ण फौजी समेत अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार प्रदेशभर में विकास कार्यों को नए आयाम दे रही है। सड़क निर्माण, जल निकासी, गली-नाली, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में कार्य समयबद्ध और प्राथमिकता के आधार पर पूरे किए जा रहे हैं।

# राइस मिल में करोड़ों का धान घोटाला उजागर, 976.575 एमटी धान गायब

हरिभूमि न्यूज़ करनाल

करनाल जिले के इंद्री क्षेत्र की ए.एस. राइस मिल में सरकारी धान के फिजिकल वेरिफिकेशन के दौरान भारी गड़बड़ी सामने आई है। टीम की जांच में कुल 3723.375 एमटी सरकारी धान की तुलना में 976.575 एमटी धान कम पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 2 करोड़ 31 लाख 35 हजार रुपए बताई गई है। यह गड़बड़ी इतनी गंभीर है कि इसे बड़े स्तर का धान घोटाला माना जा रहा है।

हरियाणा राज्य भंडारण निगम के जिला प्रबंधक रेषु दहिया ने इस संबंध में थाने में लिखित शिकायत दी है, जिसमें मिल के पार्टनर अशोक कुमार और संजय कुमार को धान गबन का आरोपी बताया है। कागज़ों में ओवरराइटिंग, अधूरे दस्तावेज़ और मकका की बोरियां भी बरामद। मिल रिकॉर्ड की जांच में कई अनियमितताएँ मिलीं। चोकर की बिक्री और निकासी की रसीदें चोकर से संबंधित बिल भूसे की अतिरिक्त बिक्री का रिकॉर्ड मिल में मिली मकका की बोरियों की रसीदें इन दस्तावेजों की अनुपस्थिति और ओवरराइटिंग ने शक को और मजबूत किया कि रिकॉर्ड बदलने की कोशिश की गई। जांच जारी, बड़े स्तर पर हेराफेरी के संकेत। भंडारण निगम का कहना है कि मिली गड़बड़ियां बेहद गंभीर हैं।

### बाहर से मंगवाया चावल, एफसीआई की जांच में खुलासा

असंध एसडीएम के निर्देशन में 17 नवंबर को की गई जांच में टीम ने पाया कि मिल में रखा 593.9 एमटी चावल 'ताजा' नहीं है। एफसीआई अधिकारियों ने एमआइएम टेस्ट करवाया, जिसमें स्पष्ट हुआ कि यह चावल पुराना है और इसकी कुटाई सरकारी धान से नहीं हुई। इससे संदेह और गहरा गया कि मिल प्रबंधन ने सरकारी धान की कुटाई दिखाने के लिए बाहर से चावल मंगवाया था।

### चावल की गुणवत्ता पर भी सवाल

एफसीआई प्रबंधक प्रदीप और गौरव द्वारा लिए गए सैंपल की जांच में पुष्टि नहीं हो सकी कि रखे चावल की कुटाई सरकारी धान से हुई है। चावल पुराना और संदिग्ध पाया गया, जिससे मिलिंग में धांधली की आशंका और पुख्ता हो गई।

# घण्टाकर्ण महावीर देवस्थान पर श्रद्धालु संगम आज

- महासाध्वी प्रमिला जी व जागृति जी के सान्निध्य में भक्तिमय आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल–इंद्री रोड स्थित मनोकामनापूरक संकटमोचक श्री घण्टाकर्ण महावीर देवस्थान में प्रत्येक माह की तरह इस बार भी कृपा दिवस कृष्ण चौदस पर मासिक श्रद्धालु संगम का विशेष भक्तिमय आयोजन बुधवार, 19 नवंबर को आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन शान्तमूर्ति महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज एवं महासाध्वी श्री जागृति जी महाराज के पावन नेश्राय में उत्साह और भक्तिपूर्वक संपन्न होगा। देवस्थान प्रबंधन के अनुसार श्री घण्टाकर्ण महावीर जी, जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के शासनरक्षक देव हैं और तंत्र–मंत्र–यंत्र साधना को सफल बनाने वाले अलौकिक शक्ति सम्पन्न देव के रूप में श्रद्धालुओं के बीच पूजित हैं। देवस्थान दर्शनार्थ सुबह 7 बजे से शाम 5:30 बजे तक खुला रहेगा। प्रातःकालीन आरतीः सुबह 8:30 बजे। सांयकालीन आरतीः सांय 5 बजे। विशेष कृपा प्राप्ति प्रसंग पर आयोजित सत्संग, भजन–कीर्तन का भक्तिमय कार्यक्रम सुबह 10 बजे से 12 बजे तक चलेगा।

# करनाल में अवैध कॉलोनियों पर नगर योजना विभाग की बड़ी कार्रवाई; तीन कॉलोनियां ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



जिला नगर योजनाकार करनाल की टीम ने पुलिस बल के सहयोग से मंगलवार को तीन अवैध कॉलोनियों में व्यापक तोड़फोड़ अभियान चलाया। यह कार्रवाई ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में की गई। विभाग के अनुसार अवैध कॉलोनियों और अवैध निर्माणों पर लगातार एफआईआर के साथ-साथ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

**पहली कार्रवाई, गांव मखमल मजरी, मुनक रोडः** पहली अवैध कॉलोनी गांव मखमल मजरी मुनक रोड पर विकसित की गई थी, जिसका एरिया लगभग 4 एकड़ था। विभाग की टीम ने यहां बनी सभी कच्ची सड़कों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया।

**दूसरी कार्रवाई मखमल मजरी, मुनक रोडजः** दूसरी अवैध कॉलोनी भी मखमल मजरी मुनक रोड पर ही पाई गई, जिसका एरिया लगभग 4 एकड़ था। यहां भी सभी कच्ची सड़कों को पूरी तरह तोड़ दिया गया और अवैध डेवलपमेंट मिटा दी गई।

**तीसरी कार्रवाई इन्द्री–करनाल रोड, गांव गुह्मा** तीसरी कॉलोनी गांव गुह्मा के इन्द्री–करनाल रोड पर लगभग 1.5 एकड़ में विकसित की जा रही थी। यहां बनाई गई डीपीसी और सड़कों को ध्वस्त कर दिया गया।

जिला नगर योजनाकार करनाल के ने बताय कि कोई भी व्यक्ति अवैध कॉलोनी या अवैध निर्माण करेगा तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। अवैध विकास को बढ़ावा देने वाले व्यक्तियों को भी बख्शा नहीं जाएगा। जो भी व्यक्ति अवैध तरीके से प्लॉट बेच रहा है या विकास कर रहा है, उसके खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज की जाएगी।

## गुरु तेग़ बहादुर के शहीदी दिवस पर विशाल समागम 23 को

# बाबा सुखा सिंह ने प्रेसवार्ता कर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

साहेब श्री गुरु तेग़ बहादुर जी की 350वीं शहीदी शताब्दी के उपलक्ष्य में आगामी 23 नवंबर को डेरा कार सेवा, कलंदरी गेट करनाल में एक भव्य अखंड कीर्तन एवं गुरमत समागम आयोजित किया जाएगा। इसमें गुरु साहेब की सम्पूर्ण वाणी का सुबह 8 बजे से रात 9 बजे तक अखंड कीर्तन होगा जिसमें देश-विदेश के प्रसिद्ध रागी जत्थे हाजिरी भरेंगे।

इस संबंध में आज डेरा कार सेवा में आयोजित प्रेस वार्ता की अध्यक्षता बाबा सुखा सिंह ने की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कार्यक्रम के आयोजक इक ओअंकार मीडिया के प्रबंध निदेशक प्रीतपाल सिंह पन्नू ने विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह समागम गुरु तेग़ बहादुर जी के जीवन-चरित और बलिदान को समर्पित है, जिसमें गुरुवाणी के 15 रागों में उच्चारित 59 शब्दों और 57 श्लोकों का कीर्तन किया जाएगा। इसके पश्चात सम्पूर्ण बानी की सार कथा सिंह साहेब ज्ञानी हरपाल सिंह, फतेहगढ़ साहिब वालों द्वारा की जाएगी।



करनाल। कार्यक्रम की रूपरेखा बताते आयोजक।

समागम में सचखंड श्री दरबार साहिब अमृतसर के हजूरी रागी भाई भूपिंदर सिंह, भाई जबरतोड़ सिंह, ऑस्ट्रेलिया के भाई गुरदेव सिंह, पटियाला के भाई जगमोहन सिंह सहित कई अन्य विख्यात रागी जत्थे कीर्तन द्वारा संगत को निहाल करेंगे। इसके अतिरिक्त भाई सुखविंदर सिंह (कंगरा पानीपत), भाई बलविंदर सिंह (गुरुद्वारा मंजी साहिब), भाई बलविंदर सिंह (जुंडला), भाई इंद्रजीत सिंह (गुरुद्वारा सुखमनी साहिब), भाई रविन्द्र सिंह (निमाना, गुरुद्वारा प्रेम नगर), भाई तेजिंदर सिंह (गुरुद्वारा गुरु तेग़ बहादुर), भाई गुरसेवक सिंह (गुरुद्वारा मॉडल टाउन) और भाई हरप्रीत सिंह (गुरुद्वारा राम नगर) भी कीर्तन की रसधारा बहाएंगे।

प्रेस वार्ता में गुरतेज़ सिंह ख़ालसा ने बताया कि समागम में विशेष रूप से भाई चरणजीत सिंह भी शामिल होंगे, जो साहिब-ए-कमाल गुरु तेग़ बहादुर जी के साथ शहीद हुए भाई मति दास जी की नौवीं पीढ़ी तथा गुरु हरगोबिंद साहिब जी के महान सिख भाई परागा जी की तेरहवीं पीढ़ी से हैं।

बाबा सुखा सिंह ने करनाल व आसपास की साध-संगत से परिवार सहित पधारने की अपील करते हुए कहा कि "तेग़ बहादुर सिमरिये, घर नौ निध आवे धाए" के अनुसार उनका सिमरन जीवन में सुख, शांति और शक्ति प्रदान करता है।

**समागम की विशेषताएं**

- ▶▶| सुबह 8 बजे से रात 9 बजे तक अखंड कीर्तन
- ▶▶| गुरुवाणी की सम्पूर्ण बानी का कीर्तन
- ▶▶| जीवन इतिहास पर चित्र प्रदर्शनी
- ▶▶| पूरे दिन अटूट लंगर बॉक्स

**22 नवंबर शाम 6 बजे 'हिन्द की चादर' लाइट एंड साउंड ड्रामा का मंचन**

यह नाट्य मंचन दशमेश अखाड़ा द्वारा डेरा कार सेवा परिसर में किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### डिजिटल पोर्टलों से जुड़ें युवा

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने युवाओं से आह्वान किया है कि वे केंद्र और राज्य सरकार द्वारा बनाए गए डिजिटल पोर्टलों से जुड़कर सरकारी योजनाओं व नीतियों की जानकारी प्राप्त करें और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि अब सरकारी योजनाओं की जानकारी के लिए पारंपरिक माध्यमों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है। सरकार ने ऐसे डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किए हैं जो न केवल योजनाओं की जानकारी देते हैं बल्कि नागरिकों को नीति निर्माण और संवाद का अवसर भी प्रदान करते हैं।

### उर्जा संरक्षक पुरस्कृत होंगे

**पानीपत।** अतिरिक्त उपायुक्त डॉक्टर पंकज यादव ने बताया कि हरियाणा सरकार ने ऊर्जा संरक्षण को एक प्रमुख क्षेत्र के रूप में पहचाना है और इस संबंध में कई पहल की गई हैं। इनमें से एक पहल उन औद्योगिक, वाणिज्यिक, सरकारी भवनों, शैक्षणिक और प्रौद्योगिकी में नवाचार अपनाने वाले उपभोक्ताओं को पुरस्कार देना है जिन्होंने बिजली/अन्य ईंधन बचाने के लिए अपने भवनों / इकाइयों में विभिन्न ऊर्जा संरक्षण उपायों को अपनाने में उत्कृष्टता हासिल की है। योजना के दिशानिर्देशों की एक प्रति हरेडा की वेबसाइट पर उपलब्ध है। वहीं, ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि छह दिसम्बर है।

### पानीपत के शिक्षकों को किया सम्मानित

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बड़ौली में कार्यरत डीपीई उमेद सिंह और हिंदी प्राध्यापक रविंद्र सिंह को आरोहण फाउंडेशन द्वारा विक्रमादित्य ग्लोबल स्कूल मोरखेड़ी जिला रोहतक में आयोजित प्रतिभा खोज समारोह में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। आरोहण फाउंडेशन के संस्थापक प्रदीप मलिक ने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए डीपीई उमेद सिंह और हिंदी प्राध्यापक रविंद्र सिंह को आरोहण उत्कृष्ट सेवा पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

### दिलबाग बिंझौल बने प्रधान

**पानीपत।** पानीपत किसान भवन के चुनाव में दिलबाग बिंझौल को प्रधान और अनिल कादियान सिवाह को उप प्रधान चुना गया। जबकि चुनावी बैठक की अध्यक्षता रामकुमार खोतपुरा ने की। इस अवसर पर सूरजभान रावल, सुधीर मलिक, खुशदिल कादियान, राज सिंह आर्य, निशान मलिक, सुरेश दहिया, चूहड सिंह रावल, सुखबीर आटा, बिंटू मलिक उग्राखेडी, महेंद्र सिंह कादियान, आर्य सुरेश मलिक रिसालु, नरेंद्र बिंझौल, जगबीर नेता, ऋषिपाल नांदल, सुनील बिंझौल आदि उपस्थित रहे।

### सैन जयंती का न्यौता दिया

**पानीपत।** केश कला बोर्ड हरियाणा के चेयरमैन यशपाल ठाकुर, लाडवा सैन समाज टीम व कुरुक्षेत्र धर्मशाला टीम ने चार दिसंबर को हरियाणा सरकार द्वारा मनाई जाने वाली भगवान शिरोमणि सैन जी महाराज की जयंती का पानीपत निवासियों को निमंत्रण दिया। इस अवसर पर युवा सैन एकता मंच के संस्थापक सैनाचार्य भारत नरेशानंद आदि उपस्थित रहे।

### हुडा सेक्टर्स से हटवाया गया अतिक्रमण

**पानीपत।** एचएसआईआईडीसी ने मंगलवार को हुडा औद्योगिक सेक्टर 25 पार्ट-1 व 2 तथा सेक्टर 29 पार्ट-1 व 2 में सड़कों किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवाया। वहीं कार्रवाई के दौरान बडी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। जबकि अभियान का नेतृत्व ड्यूटी मजिस्ट्रेट जिला समाज कल्याण अधिकारी जयपान सिंह, एचएसआईआईडीसी से एसडीओ कुश, जेई संदीप चौहान और जेई मोहित शर्मा ने किया। विदित रहे कि यह अभियान क्षेत्र में सुचारू यातायात और सार्वजनिक मार्गों को मुक्त कराने के उद्देश्य से चलाया गया है और प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

## आर्य बाल भारती स्कूल में प्राकृतिक चिकित्सा दिवस मनाया

# मानव के स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने की पद्धति है प्राकृतिक चिकित्सा

*नियमित योग करने से मानव शरीर स्वस्थ्य होता है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


**पानीपत।** आर्य बाल भारती स्कूल में प्राकृतिक चिकित्सा दिवस पर पौधे रोपते हुए प्रधान रणदीप आर्य आदि।

आर्य बाल भारती स्कूल में मंगलवार को राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। वहीं, स्कूल के प्रधान रणदीप आर्य ने अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक समय में बदलती जीवनशैली के बीच प्रकृति से जुड़ाव बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। वहीं, प्राकृतिक साधन न केवल स्वास्थ्य को संतुलित रखते हैं, बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा भी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा केवल रोग का इलाज नहीं करती, बल्कि भोजन, दिनचर्या, व्यायाम और मानसिक शांति पर भी ध्यान देती है, जिससे जीवनशैली बेहतर होती है। इसलिए सभी अध्यापकों अभिभावकों और छात्रों को ऋतुचार्य के अनुसार अपनी दिनचर्या बना लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा मानव को प्रकृति के निकट लाकर स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने की पद्धति है। वहीं, प्राकृतिक चिकित्सा दवाओं पर निर्भर नहीं रहती, बल्कि शरीर की स्वाभाविक क्षमता को सक्रिय करके रोगों से लड़ने में मदद करती है। प्रधानाचार्य अशोक आर्य, उप प्रधानाचार्य जगदीश आर्य, आर्य समाज काबड़ी के उप प्रधान ओम दत्त आर्य, जगदीश आर्य, योगाचार्य प्रवीण आर्य ने कहा कि नियमित योग करने से मानव शरीर स्वस्थ्य होता है। वहीं, भारतीय आयुर्वेद की मान्यता है कि बीमारियों का 90 फ़ीसदी उपचार शरीर की खुशी और आनंद पर निर्भर करता है। इसलिए लोगों को चिंता मुक्त जीवन शैली को अपनाते हुए भविष्य की चिंता भगवान पर छोड़ देनी चाहिए।

# देश व समाज की तरक्की में बाधा है नशे की लत

*नशा व्यक्ति की सेहत और शिक्षा दोनों को नुकसान पहुंचाता है*

- नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगांठ पर अधिकारियों व कर्मचारियों ने शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


**पानीपत।** नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगांठ पर शपथ लेते हुए अधिकारी व कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

केंद्र सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर जिला सचिवालय में मंगलवार को आयोजित विशेष कार्यक्रम में एसडीएम मनदीप कुमार ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को नशा न करने और समाज को इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों के माध्यम से आम नागरिकों तक इस जनहितकारी संदेश को पहुंचाना और एक मजबूत, स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए सामूहिक जिम्मेदारी को रेखांकित करना था। वहीं, उन्होंने कहा कि नशामुक्ति केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि नशा व्यक्ति की सेहत और शिक्षा दोनों को नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि बिना नशे के जीवन में आत्मविश्वास, स्वास्थ्य और खुशहाली स्वत बढ़ती है। नशे की लत देश व समाज की तरक्की में बाधा है। वहीं, हम सबको संगठित होकर नशामुक्ति के लिए कदम उठाने होंगे तभी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण तैयार हो सकेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अधिकारियों ने नशा मुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान का संकल्प दोहराया।

## छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चलाया

**पानीपत।** चौधरी देवीलाल मेमोरियल कन्या पीजी कॉलेज गांव सिवाह में एनएसएस का एक दिवसीय कैंप लगाया गया। कैंप में छात्राओं ने जहां योग किया, वहीं यातायात नियमों के प्रति जनता को जागरूक करने के लिए रैली निकाली। जबकि छात्राओं ने वाल्मीकि कालोनी में स्वच्छता अभियान चला कर नागरिकों के स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। वहीं, छात्राओं द्वारा नागरिकों को पर्सनल हाइजीन से भी अवगत कराया। इधर, प्रिंसिपल डॉक्टर सुमन लता ने कहा कि स्वच्छता जहां होती है वहां रोग नहीं फैलते। इसके मद्देनजर हर नागरिक को स्वच्छता को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर एनएसएस इंचार्ज प्रोफेसर पूनम कादियान, कॉलेज का टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ आदि उपस्थित रहा।



**पानीपत।** चौधरी देवीलाल कॉलेज की छात्राएं स्वच्छता अभियान चलाते हुए।

## हॉल में बड़ी स्क्रीन पर किया गया सजा-2 का प्रसारण

# बुजुर्गों का सम्मान करने से बढ़ती है सुख-समृद्धि : वर्मा

*फिल्म में समाज में बुजुर्गों की महत्ता की जानकारी दी*

- आर्य समाज मंदिर में मुल्तानी फिल्म सजा के कलाकारों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


**पानीपत।** आर्य समाज मंदिर में मुल्तानी फिल्म कलाकारों का सम्मान करते मेजबान।

हरियाणा में मुल्तानी संस्कृति को बढावा दे रहे साहित्यकार, शिक्षाविद्, अभिनेता कमल नयन वर्मा द्वारा निर्मित मुल्तानी फिल्म सजा-2 का आर्य समाज मन्दिर खेल बाजार के हॉल में बड़ी स्क्रीन पर प्रसारण किया गया। फिल्म में समाज में बुजुर्गों की महत्ता की जानकारी दी गई। बुजुर्गों का सम्मान करने से सुख-समृद्धि बढ़ती है। इस अवसर पर आर्य समाज मंदिर के प्रधान राजेश आहूजा ने फिल्म के निर्देशक देव वर्मा, फिल्म के कलाकारों कमल नयन वर्मा, भाजपा नेता गजेंद्र सलूजा, तरूण मेहता, पूजा सहगल, मोहित मेहता, नमिता दयाल, नरेन्द्र गर्ग, सोनिया वर्मा, शीनू बरेजा, कविता बतरा, महेन्द्र बजाज, नीरज सोनी, निकिता राघव, टोपन दास वर्मा, रमेश सम्मी, लक्ष्मी मल्होत्रा, शीला रानी और बाल कलाकार ओनिष सहगल, तुषार वर्मा आरवी चोपड़ा को सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यकारी प्रधान बलराज एलावाधी, प्रधान सेवक सुनील बतरा, कमलेश, गंगा एलावादी, दिव्या वर्मा, धर्मपाल सहगल आदि मौजूद रहे।


**पानीपत।** इनर व्हील क्लब की पदाधिकारीगण, बेटियों में टीकाकरण करवाते हुए।

## इनर व्हील ने बेटियों में कैंसर रोधी टीकाकरण करवाया

**पानीपत।** इनर व्हील क्लब डिस्ट्रिक्ट 308 की चेयरमैन पूजा गोयल पानीपत द्वारा एचपीवी वैक्सीनेशन ड्राइव का पानीपत के चारों इनर व्हील क्लब तथा रोटरी सॉलिटेयर ने मिलकर दो दिवसीय निःशुल्क टीकाकरण शिविर का आयोजन किया। इधर, पाहुजा अस्पताल में सौ लडकियों को टीके लगाए गए। वहीं, इनर व्हील क्लब के सेक्रेटरी व प्रेसिडेंट अनिता कपूर, रूपाली चोपड़ा, रश्मि ग्रोवर, पूजा गोयल, पीडीसी सीमा चोपड़ा, अंजलि दीलोरी, रजनी चांद, अंजू गेरा, डॉ. गीता गुप्ता, आकांक्षा जैन, वंदना पाहुजा, नीरू गुगलानी, माला अवस्थी ने टीकाकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दूसरी ओर, जिलाध्यक्ष पूजा गोयल ने कहा कि बेटियों में स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए यह अभियान आयोजित किया था। रोटरी अध्यक्ष गौरव व सचिव कुनाल, अतुल चोपडा ने कहा एचपीवी वैक्सीनेशन कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव में मदद करता है।

# 19 नवंबर को मंत्री बांटेंगे किसान सम्मान निधि

- कार्यक्रम में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 19 नवंबर को जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र गांव उझा में आयोजित होगा।

वहीं कार्यक्रम में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। वहीं, जिले में कृषि उपनिदेशक आत्मा राम गोदारा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि किसान योजना के लाभ और इसकी प्रक्रियाओं की जानकारी सही तरीके से किसानों तक पहुंच सके।

### विद्यार्थियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव नौल्था के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खंड स्तरीय टैलेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में खंड के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने नृत्य, एकल नृत्य, नाटक, थिएटर, टूडी व थ्रीडी पेंटिंग और मूर्तिकला जैसी विधाओं में अपनी प्रतिभा दिखाई। जबकि म्यूजिक क्लासिक में परढाना की रोजी, फोक डांस में शीतल डाहर और राखी नौल्था, टूडी आर्ट में नैंसी जागलान और थ्रीडी आर्ट में प्रियांशी महाराणा ने प्रथम रही। विजेताओं को मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अनिता गर्ग, प्रिंसिपल रामफल मान आदि ने पुरस्कृत किया।

### गुरू की याद में नगर कीर्तन आज

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि हिन्द की चादर गुरु तेग बहादुर के 350 साला शहीदी शताब्दी दिवस के उपलक्ष्य में भव्य नगर कीर्तन बुधवार को इसराना साहिब से आरंभ होकर पानीपत टोल पार स्थित रॉयल गार्डन तक पहुंचेगा। जबकि गुरु तेग बहादुर की शहादत पर आधारित लाइट एंड साउंड प्ले भी बुधवार शाम को आर्य कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित होगा।

### सुरक्षा कर्मियों की भर्ती 20 को

सिक्योरिटी स्किल कांउसलिंग इंडिया लिमिटेड द्वारा बेरोजगार प्रार्थियों के लिए सुरक्षा कर्मी के पदों की भर्ती के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वहीं, जिला रोजगार अधिकारी रितु चहल ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 नवम्बर को जिला रोजगार कार्यालय कमरा नम्बर 420, चतुर्थ तल, जिला सचिवालय पानीपत में ये भर्ती होगी। इच्छुक युवा सम्बंधित दस्तावेजों, पासपोर्ट साइज फोटो और रोजगार पंजीकरण संख्या सहित चयन स्थल पर उक्त दिनांक व समय पर हुंचे।

### सिमरन ने ग्रेपलिंग स्पर्धा में तृतीय स्थान प्राप्त किया

**पानीपत।** स्थानीय एमएएसडी पब्लिक स्कूल की छात्रा सिमरन ने ग्रेपलिंग प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता का आयोजन वंदना कटारिया हाकी स्टेडियम हरिद्वार में आयोजित किया गया था। स्कूल प्रधानाचार्या डा.बबीता भारद्वाज आदि ने सिमरन का स्वागत किया।

# सफल इंसान बनने को सकारात्मक रहें


**समालखा।** पाइट में अतिथियों का स्वागत करते हुए वाइस चेयरमैन राकेश तायल, आदि।

- आपके एक्शन, इंटेंशन और रिएक्शन से ही आपका भविष्य निर्धारित होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

आपको अगर सफल होना है तो कम से कम खुद के लिए कभी गलत न बोलें। अपने बारे में हमेशा अच्छा ही सोचें। ईश्वर आपके लिए रास्ता खुद बनाएगा। मुझे तो बेस्ट जॉब ही मिलेगी। मेरा स्टार्टअप सबसे श्रेष्ठ रहेगा। आप खुद ऐसा सोचेंगे तो उसे हासिल भी कर सकेंगे। यह बात रतन इंडिया इंटरप्राइजिज कंपनी की चेयरपर्सन अंजलि रतन ने कही।

#### आइक्यू और इक्यू जिनका बेहतर होता है उनकी सफलता की दर ज्यादा होती है

अंजलि, पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग (पाइट) में सिनेप्स सेमिनार को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि आपके एक्शन, इंटेंशन और रिएक्शन से ही आपका भविष्य निर्धारित होता है। समस्याएं आपकी सामने आएंगी। बाहर की परिस्थितियां आपके हाथ में नहीं होतीं। लेकिन रिएक्शन तो आपके ऊपर निर्भर करता है। इसलिए जितना अधिक शांत रहकर निर्णय लेंगे, उतना बेहतर करेंगे। इसी वजह से आइक्यू और इक्यू जिनका बेहतर होता है, उनकी सफलता की दर ज्यादा होती है। केवल आइक्यू बेहतर होने से सफल नहीं हो सकते। वहीं, राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा अनुसंधान परिषद से चीफ इंफोरमेशन सिक्योरिटी अफसर रिटायर्ड लेफ्टिनेंट धीरज यादव व सीनियर इंजीनियरिंग मैनेजर राष्ट्र शौर्य ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित किया। जबकि पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि हमें स्किल पर फोकस करना चाहिए। रोजगार देने वाले बनेंगे तो हमारा देश आत्मनिर्भर होगा।



## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

### बारहवां पुरस्कार (लंच बॉक्स-150 नग) (101 से 150)

❖ अजय पुत्र श्री शिव शंकर निवासी ओल्ड बस स्टैंड, भिवानी ❖ सुनीता देवी धर्मपत्नी श्री प्रदीप कुमार, मयूर विहार, गली नं. 6, सोनीपत ❖ अमित सुपुत्र श्री जयभगवान जुलाना, जीन्द ❖ साहिल सुपुत्र श्री राजबीर जुलाना जीन्द ❖ साहिल पाराशर सुपुत्र श्री आनन्द कुमार, गांव व डा. दुल्हेड़ा, बहादुरगढ, झज्जर ❖ खुशबू पुत्री श्री सोमबीर सिंह निवासी गांव तिगराणा, जिला भिवानी ❖ जयनारायण पुत्र श्री परसराम सुमार निवासी गांव बीरण, जिला भिवानी ❖ रणधीर सिंह पुत्र श्री खेमचन्द, निवासी गांव रोहद, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ सचिन कुमार पुत्र श्री सुरेश कुमार निवासी वार्ड नं.15, गांव तिगड़ाना, जिला भिवानी ❖ दीपक पुत्र श्री विश्वनाथ निवासी मकान नं. 106, महम रोड़, नई बस्ती, भिवानी ❖ निधि मोशिम सुपुत्री श्री विजय पाल मौशिम रसूलपुर आजाद बिजनौर, सोनीपत ❖ उर्मिला देव धर्मपत्नी श्री राम स्वरूप, चावला कॉलोनी, सोनीपत ❖ सीमा धर्मपत्नी श्री आनन्द कुमार, गांव व डा. दुल्हेड़ा, बहादुरगढ, झज्जर ❖ कुलदीप सिंह सुपुत्र श्री बन्शी राम, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ विभव सुपुत्र श्री दीपक, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ बिशन चन्द्र सुपुत्र स्व. श्री हजारी लाल, बहलवान छत्ते के पास, नलापुर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ शंकर लाल भारद्वाज पुत्र श्री रामकुमार निवासी निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ श्री महाबीर सिंह सुपुत्र स्व. श्री रतन सिंह, वीपीओ बैयांपुर, सोनीपत ❖ सुभाष धर्मपत्नी श्री राकेश कुमार, 250/10D, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सोनीपत ❖ निशा सुपुत्री आनंद कुमार, म. नं. 530/4, नजदीक बाल विकास स्कूल, जमालपुरा, सोनीपत ❖ प्रवीण कुमार सुपुत्र श्री छोटे लाल, गांव बोचड़िया, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ झम्मन लाल सुपुत्र श्री गणपत सिंह, धनौन्दा, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ श्रवण कुमार सिंघल पुत्र श्री देवकी नंदन, निवासी मकान नं.392 वार्ड नं.16, नवादा गली, जैन मंदिर, बहादुरगढ़ ❖ आजाद सिंह अहलावत पुत्र श्री कर्ण सिंह, मकान नं. 842, सेक्टर 2, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ जीवेन्द्र पुत्र श्री गजानन्द निवासी गांव सुडना जिला महेन्द्रगढ़ ❖ ज्योति पत्नी श्री श्रीपाल, निवासी गांव कानौंदा, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ पूजा पुत्री श्री मामन सिंह निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ चीकू पुत्री श्री ओमप्रकाश निवासी निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ राजेश पुत्र श्री दयानन्द निवासी मकान नं.862/6, जौहरी नगर लाइन पार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ श्री रमेश कुमार सुपुत्र श्री ज्ञानीराम, गांव भराण पाना जिंदराण, महम, रोहतक ❖ सुनील यादव सुपुत्र श्री बलजीत सिंह, बेरी, महेन्द्रगढ़ ❖ श्री हवा सिंह सुपुत्र श्री फूल सिंह, गांव बैंसी, तह. महम, जिला रोहतक ❖ तमन्ना पुत्री श्री मनोज कुमार निवासी गांव व डाकखाना तिगड़ाना, जिला भिवानी ❖ उदित पुत्र श्री बलजीत निवासी मकान नं. 302, बिजली बोर्ड कालोनी, भिवानी ❖ श्रीमति संतोषी पत्नी श्री जोगेंद्र, म. नं. 251, वार्ड 12, महम, रोहतक ❖ निरंजन देव पुत्र श्री पं. देवी दत्त निवासी मकान नं. 19/150, नई बस्ती, गली नं. 1, बहादुरगढ़, झज्जर ❖ रोहित पुत्र श्री जसवंत निवासी गांव मुकन्दपुर, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ पलक पुत्री श्री मोहित निवासी गांव डाबड़ा जिला हिसार ❖ गुणपाल सिंह पुत्र श्री ठाकुर सिंह निवासी वार्ड नं. 20, गवार फैक्टरी, भिवानी ❖ चरण सिंह भक्त पुत्र श्री धर्मबीर निवासी श्री जोतराम धाम, गांव बादल, जिला चरखी दादरी ❖ जगदीश वर्मा पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण निवासी 527, कोंट रोड़, गली नं. 10, शांति नगर, भिवानी ❖ श्री नमन सुपुत्र श्री कृष्ण लाल, 167/25, गांधी नगर, रोहतक ❖ ज्योति रानी पत्नी श्री जय गोपाल निवासी नया भारत नगर, गोकुल एन्कलेव, भिवानी ❖ वीना रानी पत्नी श्री मनमोहन निवासी दादरी गेट, कोंट रोड, शांति नगर, भिवानी ❖ श्री रणबीर सिंह सुपुत्र श्री अमीलाल, 1344/1, लाल बहादुर शास्त्री नगर, रोहतक ❖ श्रीमति साक्षी पत्नी श्री मनमोहन, गांव व डा. अजायब, तह. महम, रोहतक ❖ करतार सिंह पुत्र श्री निहाल सिंह निवासी गांव प्रेम नगर, जिला भिवानी ❖ सुनीता पत्नी श्री पवन निवासी डावर कालोनी, भिवानी ❖ श्री जयबीर सिंह सुपुत्र रामधारी, सूर्य नगर, गली नं. 4, रोहतक ❖ श्री चंद्र राम सुपुत्र श्री सुलतान सिंह, टैगोर कॉलोनी, माजरा।

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं. : 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005


## आईबी कॉलेज के विद्यार्थियों ने सीआईपीईटी का शैक्षिक भ्रमण किया

# औद्योगिक दौरों से छात्रों को मिलता है व्यवहारिक ज्ञान

- छात्रों को उद्योग की कार्यप्रणाली, उपकरणों के संचालन और प्रक्रियाओं को करीब से देखने का मौका देता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** आईबी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण पर रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मार्केटिंग विभाग एवं कल्याणी एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में सभी कोर्सेस के विद्यार्थियों को केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान(सीआईपीईटी), मुरथल, सोनीपत का औद्योगिक दौरा करवाया गया।

#### करियर के अवसरों का पता लगाने में मिलती है मदद

प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने विद्यार्थियों को रवाना करते हुए कहा कि सिपेट जैसे संस्थानों में विद्यार्थियों के लिए औद्योगिक यात्रा उन्हें सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने, उद्योग की वास्तविकताओं को समझने, नई तकनीकों से अवगत होने और करियर के अवसरों का पता लगाने में मदद करती है। यह छात्रों को उद्योग की कार्यप्रणाली, उपकरणों के संचालन और प्रक्रियाओं को करीब से देखने का मौका देता है। उन्होंने यह भी कहा कि इससे छात्रों को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का सामना करने, नई तकनीकों के बारे में जानने और उनके करियर के लिए प्रेरणा और आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद मिलती है। वहीं, मार्केटिंग विभागाध्यक्षा डॉ. पूनम मदान ने कहा कि ऐसे औद्योगिक दौरे से विद्यार्थियों को प्रेक्टिकल एक्सपोज़र मिलता है और उन्हें अपने कैरियर के चुनाव में बहुत मदद मिलती है।

## खबर संक्षेप


अंबाला। छात्रों को संबोधित करते वक्ता।

### नकारात्मक भावनाओं को परिजनों से सांझा करें छात्र

**अंबाला।** अंबाला शहर के डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में /"गुड टू ग्रेट/" विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए यह गोष्ठी आयोजित की गई। इसका संचालन प्रेरक वक्ता आचार्य पवन ने किया। इस संगोष्ठी में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि कैसे प्रभावी श्रवण, अनुशासित अध्ययन की आदतें और मस्तिष्क-आधारित शिक्षा एक साधारण छात्र को एक उत्कृष्ट शिक्षार्थी में बदल सकती है।

### देह व्यापार मामले में आरोपी दबोचा

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में अनैतिक देह व्यापार के मामले में पुलिस ने आरोपी जोगिंद्र व आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। इस मामले में संलिप्त आरोपी कप्तान सिंह को अदालत के आदेश पर शामिल जांच किया गया है। 27 अक्तूबर 2025 को पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी अक्षित उर्फ विक्की, मोहित व आरोपी महिला व अन्य योजनाबद्ध तरीके से देह व्यापार का अनैतिक कार्य करते हैं। आरोपी यह धंधा गोल्डन इरा सैलून थैरेपी की आड़ में चला रहे थे। पुलिस ने यहीं से रेड कर दूसरे आरोपियों को काबू किया था।

### हत्या के प्रयास में आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज हत्या का प्रयास के मामले में पुलिस ने आरोपी शिवम उर्फ संजू को गिरफ्तार किया है। वाल्मीकि नगर के श्री युग उर्फ अनिकेत ने 5 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी शिवम व अन्य ने तेजधार हथियार से हमला करते हुए हत्या का प्रयास कर जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### मारने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना पडाव में दर्ज रास्ता रोक कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने संलिप्त अन्य आरोपी राज कुमार उर्फ छोटा कालू को गिरफ्तार किया है। रंगिया मंडी के राजन ने 8 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 6 नवंबर 2025 को आरोपी आकाश, वंश व 10-15 अन्य मोटरसाइकिल सवार लडकों ने उसका, चिराग व श्याम का रास्ता रोककर लाठी डंडों से मारपीट कर चोट पहुंचाते मारने की धमकी देने का आपराधिक कार्य किया है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### 15 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑप्रेशन ट्रैक डाउन के तहत थाना महेशनगर के नजदीक गणेश विहार टांगरी बांध से अवैध नशा बेचने के मामले में आरोपी राकेश कुमार उर्फ पंडल व संजू सिंह को 15 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया। सीआईए-2 के पुलिस दल को सूचना मिली थी।

# कोहरे में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बसों में लगेंगी रिफ्लेक्टर-आधारित लाइटें

- ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए राज्य में बढ़ेगा ई-बसों का बेड़ा, स्थापित होंगे चार्जिंग स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि राज्य परिवहन की बसों में अब विशेष रिफ्लेक्टर-आधारित लाइटें लगाई जाएंगी ताकि धुंध और कोहरे के दौरान बसें दूर से ही दिखाई दें और सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकें। उन्होंने कहा कि सर्दियों में विज़िबिलिटी कम होने पर अधिकतर दुर्घटनाएं होती हैं, इसलिए इन लाइटों से ड्राइवरों को सुरक्षित ड्राइविंग में बड़ी सुविधा मिलेगी और सड़क सुरक्षा मजबूत होगी। इसी प्रकार, उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नई ई-बसों का एक ओर ऑर्डर दिया है, जिनके आने से प्रदूषण कम होगा और ईंधन की खपत भी घटेगी। विज ने मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि इन नई लाइटों का उद्देश्य अंधेरे और कोहरे में वाहन को अन्य चालकों के लिए विजीवल बनाना है, जिससे दुर्घटना की संभावना कम हो। उन्होंने यह भी बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार लगातार नए कदम उठा रही है।


परिवहन मंत्री अनिल विज।

पर्यावरण अनुकूल परिवहन को प्रोत्साहित करते हुए मंत्री विज ने बताया कि राज्य सरकार ने नई ई-बसों का बड़ा ऑर्डर दिया है, जिनके आने से प्रदूषण कम होगा और ईंधन की खपत भी घटेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पहले से कई स्थानों पर ई-बसें चल रही हैं, विशेषकर शहरी बस सेवा में यह मॉडल सफल साबित हुआ है। अंबाला छावनी जैसे शहरों में ई-बसें पहले से चल रही हैं और अब सरकार का लक्ष्य है कि पुराने डीजल वाहनों को चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक बसों से बदला जाए। उन्होंने बताया कि ई-बसों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पूरे प्रदेश में चार्जिंग स्टेशन विकसित किए जा रहे हैं। विज ने बताया कि भविष्य में हर शहर और प्रमुख मार्गों पर चार्जिंग स्टेशन उपलब्ध होंगे, जिससे ई-वाहनों का निर्बाध संचालन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि घर पर चार्जिंग का विकल्प हर समय पर्याप्त नहीं होता, खासकर जब कोई व्यक्ति दूसरे शहर यात्रा कर रहा हो। इसलिए, पूरे देश में चार्जिंग नेटवर्क का व्यापक विस्तार होना चाहिए।

### पूर्ण सुविधाओं वाले चार्जिंग स्टेशन स्थापित करे

कार निर्माता कंपनियों के प्रतिनिधियों से हुई मुलाकात का उल्लेख करते हुए परिवहन मंत्री ने कहा कि जब वे छूट या पॉलिसी में बदलाव की मांग करते हैं, तब सबसे पहले उनका दायित्व बनता है कि वे पूरे प्रदेश में अपने चार्जिंग स्टेशन स्थापित करें। उन्होंने कहा कि केवल पेट्रोल पंपों पर चार्जिंग सुविधा पर्याप्त नहीं है, क्योंकि कार चार्ज होने में लगभग एक घंटा लगता है और यात्रियों के बैठने या आराम करने की व्यवस्था वहां नहीं होती। इस हेतु उन्होंने कार निर्माता कंपनियों को सुझाव दिया कि हर चार्जिंग स्टेशन पर बैठने की व्यवस्था, आरामगृह और कैंटीन की सुविधा भी अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह जरूरी है कि कार कंपनियां आधुनिक और पूर्ण सुविधाओं वाले चार्जिंग स्टेशन स्थापित करें।

गुरु तेग बहादुर की 350वीं वर्षगांठ पर निकाली नगर कीर्तन यात्रा में नतमस्तक हुए, बोले-गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान मानवता का दीपस्तंभ

# गुरु तेग बहादुर ने धर्म की रक्षा के लिए दिया सर्वोच्च बलिदान

## पूरी यात्रा में श्रद्धालुओं के साथ-साथ चले परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हिंद की चादर, नौंवी पातशाही श्री गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में निकाली जा रही ऐतिहासिक शहीदी नगर कीर्तन यात्रा का सुबह अंबाला छावनी के गुरुद्वारा श्री पंजोखरा साहिब से शुभारंभ हुआ। परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने पंजोखरा साहिब पहुंचकर गुरू साहिब के समक्ष नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया और सिख संगत के साथ पुष्पवर्षा करते हुए ऐतिहासिक यात्रा का भव्य स्वागत किया। नगर कीर्तन आरंभ से पूर्व ऐतिहासिक गुरुद्वारा परिसर में अरदास हुई। इसके उपरांत मंत्री अनिल विज ने नगाड़े बजाते हुए संगत के साथ "बोले सोने हाल-सत श्री अकाल" के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान कर पूरी यात्रा में श्रद्धालुओं के साथ शामिल हुए। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी, जिन्हें हिन्द की चादर भी कहा जाता है, ने धर्म, मानवता और सत्य की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि हर वर्ग, हर धर्म, हर समुदाय के लोग यात्रा मार्ग पर खड़े होकर गुरु साहिब के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित कर रहे हैं, जो अपने आप में अद्वितीय दृश्य है। उन्होंने बताया कि गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी वर्षगांठ के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर को कुरूक्षेत्र में राज्यस्तरीय समागम में भाग लेंगे। इस अवसर पर हरियाणा सरकार द्वारा चार ऐतिहासिक नगर कीर्तन यात्राएं निकाली गई हैं जो 24 नवंबर को कुरूक्षेत्र में भव्य संगम बनाकर एकत्रित होंगी। आज की यह यात्रा भी उन्हीं में से एक है। विज ने कहा कि अंबाला की जनता अभूतपूर्व उत्साह के साथ यात्रा का स्वागत कर रही है। जगह-जगह श्रद्धालु लंगर सेवा, जलपान, प्रसाद वितरण और पुष्पवर्षा के साथ संगत को श्रद्धापूर्वक निहाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह यात्रा संपूर्ण समाज को त्याग, एकता और मानव अधिकारों का संदेश दे रही है। उन्होंने जानकारी दी कि युवा पीढ़ी को गुरु साहिब के जीवन, त्याग और बलिदान से परिचित कराने हेतु सैंड आर्ट शो भी आयोजित किए जा रहे हैं, जहां कलाकार रेत की कला के माध्यम से जीवंत गाथाएं प्रदर्शित कर रहे हैं। पंज प्यारों की अगुवाई में चल रहे नगर कीर्तन में स्कूलों के बच्चों द्वारा बैंड प्रस्तुति, गतका की अद्भुत झलकियां और नित्यम कीर्तन की मधुर धुनों ने यात्रा को आध्यात्मिक तेज प्रदान किया। हजारों की संख्या में संगत माथा टेककर और चलते हुए आशीर्वाद प्राप्त कर रही है।


अंबाला। गुरुग्रंथ साहिब के समक्ष नतमस्तक होते मंत्री अनिल विज व श्रद्धालुओं को लंगर बरताते हुए। फोटो : हरिभूमि

### शहीदी यात्रा भव्य स्वागत

ऐतिहासिक शहीदी यात्रा विभिन्न स्थानों पर स्वागत हुआ। यात्रा पंजोखरा साहिब से शुरू होकर तोपखाना, जीओसी बंगला, डिफेंस कॉलोनी गुरूद्वारा साहिब, कलरेहडी, बोह, बब्याल-पावर हाउस रोड, चांदपुरा रोड, रामपुर, सरसेहडी, जगाधरी रोड, महेशनगर, एसडी कालेज, सुभाष पार्क, सिंह सभा गुरूद्वारा साहिब (हरगोलाल रोड), चौडा बाजार, बजाजा बाजार, कसेरा बाजार, गुरू नानक रोड, कबाड़ी बाजार, ढुआ टी सैंटर, मच्छी मोहल्ला, गुरूद्वारा कक्षत्री टांक, पंजाबी गुरूद्वारा, विजय रतन चौक, राय मार्किट, गोल चक्कर, तोपखाना बाजार से होते हुए गुरूद्वारा श्री पंजोखरा साहिब में देर शाम पहुंची।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान विभिन्न स्थानों पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज को सिरोपा भेंट कर श्रद्धालुओं ने सम्मानित भी किया। मौके पर एसडीएम विनेश कुमार, नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर, रूपिंद्र सिंह, सदस्य गुरतेज सिंह, सुखदेव सिंह नन्यौला, बलविंद्र सिंह शाहपुर, सुरेंद्र बिंद्रा, सुदर्शन सहगल, बीएस बिंद्रा, पूर्व सदस्य हरपाल सिंह , टीपी सिंह, प्रधानाचार्य केपी सिंह, जसमेर सिंह, सरपंच सुखविंदर सिंह, संजीव सोनी, प्रवेश शर्मा, सुभाष शर्मा, रणधीर सिंह पंजोखरा, अजय बवेजा, विकास बहगल, रवि बुद्धिराजा, हर्ष बिंद्रा, जसबीर जस्सी, अमरेंद्र भी मौजूद थे।

# पंजोखरा साहिब से अंबाला में प्रवेश करेगी शहीदी यात्रा

- मुख्य चौराहों से होकर बादशाही बाग गुरुद्वारा में होगा ठहराव
- पूर्व मंत्री असीम गोयल ने यात्रा के शानदार अभिनंदन के लिए पार्टी नेताओं की तय की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने बताया कि हिंद की चादर श्री गुरू तेग बहादुर की 350वीं शहीदी वर्षगांठ को समर्पित शहीदी यात्रा (नगर कीर्तन) 19 नवंबर को ऐतिहासिक गुरूद्वारा पंजोखरा साहिब से शुरू होगी। उन्होंने कहा कि यह यात्रा (नगर कीर्तन) अंबाला शहर के विभिन्न स्थानों से गुजरेगी। गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के साथ-साथ श्रद्धालु व अन्य इस यात्रा का भव्य स्वागत करेंगे। यात्रा के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक लेकर उनकी जिम्मेवारी भी तय कर दी गई है। गोयल ने बताया कि हम सबके लिए सौभाग्य एवं गौरव की बात है कि श्री गुरू तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित यात्रा (नगर कीर्तन) का यहां पर आगमन हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमें अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर श्रद्धापूर्वक यात्रा का भव्य स्वागत करते हुए आशीर्वाद प्राप्त करें। उन्होने बताया कि प्रदेश में चार यात्राएं निकाली जा रही है जिसमें एक यह यात्रा भी शामिल है। सभी चारों नगर कीर्तन यात्राएं कुरूक्षेत्र में 24 नवंबर को एकत्रित होंगी। 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुरूक्षेत्र में होने वाले राज्यस्तरीय समागम में शामिल होंगे।

### ये रहे मौजूद

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने बताया कि 19 नवंबर को यह यात्रा पंजोखरा साहिब से शुरू होकर जनेतपुर, गरनाला, बरनाला, मंडौर , बलदेव नगर, जग्गी सिटी सेंटर, जंडली पुल, मॉडल टाउन, प्रेमनगर, ग्लैक्सी चौक, सिविल अस्पताल चौक, अग्रसेन चौक, अनाज मंडी चौक, सेक्टर 8, सेक्टर 9, पंडित दीन दयाल उपाध्याय चौक, सेक्टर 10 गुरूद्वारा साहिब, मानव चौक होते हुए बादशाही बाग गुरूद्वारा साहिब आकर रूकेगी। यहां पर यात्रा का रात्रि ठहराव होगा। इसी प्रकार 20 नवंबर को यह यात्रा बादशाही बाग गुरूद्वारा से शुरू होकर मानव चौक से दुर्गानगर, नसीरपुर, धुरकडा, बलाना, भडी, अहमा, कुर्बानपुर, इस्माइलपुर, मलौर, भुडंगपुर, दौदपुर, नकटपुर मोड, पंजौला, खुर्चनपुर-लौंटो से नन्यौला रूकेगी। 21 नवंबर को उदयपुर, रसूलपुर, शेखोंपुर, जगोली, खन्ना माजरा, नवी निहारसी, निहारसी, जनसुआ, जनसुई, नग्गल, मटेडी शेखां, भानोखेडी, लदाना, रवालों, बहबलपुर, बेगो माजरा होते हुए गुरूद्वारा श्री लखनौर साहिब रूकेगी। यात्रा के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, जिला परिषद के चेयरमैन मक्खन सिंह लबाणा, मार्केट कमेटी के चेयरमैन जसविंद्र उगाड़ा ने एक संयुक्त रूप से बैठक लेते हुए कार्यकर्ताओं की जिम्मेवारी तय की। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष गुरविंद्र सिंह , अमन सूद, भाजपा पदाधिकारी राजेश मेहता, सुंदर ढींगरा, अर्चना छिब्बर, कर्मचंद गोल्डी, सरदूल के साथ-साथ अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।


अंबाला। छात्रों द्वारा तैयार उत्पादों का अवलोकन करते डीसी व अन्य अधिकारी।

### डीसी ने सफाई और फोगिंग के दिए निर्देश

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने मंगलवार को पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कौंला में विद्यालय प्रबंधन समिति एवं जिला स्तरीय मैस समिति की बैठक की अध्यक्षता करते आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इससे पहले उपायुक्त का यहां पहुंचने पर स्कूल प्रधानाचार्य अजय कुमार लिमल ने पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया। उपायुक्त ने पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा की जा रही गतिविधियों एवं कार्यों बारे जानकारी हासिल की। इस दौरान विद्यालय परिसर में नगर निगम द्वारा फोगिंग करवाने बारे व कचरे से संबंधित डस्टबीन समय-समय खाली करवाने बारे, गांव कौंला से जवाहर नवोदय विद्यालय की तरफ जाने वाले रास्ते पर स्ट्रीट लाईट लगवाने , विद्यालय के नजदीक से गुजर रही 11 हजार केवी लाईन के पास पेडों की छंटाई करने , विद्यालय परिसर के गंदे पानी की निकासी तथा विद्यालय परिसर के साथ-साथ आस पास की जगह पर सफाई व्यवस्था करवाने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों को ओर बेहतर गुणवत्तापूर्ण भोजन मिले इसके लिए डायटिशियन व अभिभावकों का मार्गदर्शन लेने के साथ-साथ अन्य बिंदुओ बारे चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रधानाचार्य ने इस मौके पर जवाहर नवोदय विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाएं का भी अवलोकन किया।

- युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने श्रद्धा व सर्मपण से किया स्वागत, गुरुघरों से जुड़े साथियों ने सिरोपा भेंट कर किया मान-सम्मान

# ऐतिहासिक नगर कीर्तन में उमड़ा आस्था का सैलाब


अंबाला। गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी साहिब को सिर झुकाकर नमन करती चित्रा व अन्य श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नौवीं पातशाही हिंद की चादर धन धन गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी वर्षगांठ को समर्पित ऐतिहासिक शहीदी यात्रा (नगर कीर्तन) प्रातः ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री पंजोखरा साहिब आठवें पातशाही हरिकृष्ण साहिब की पावन चरण स्थली से आरंभ हुई। पावन नगर कीर्तन सैकड़ों श्रद्धालुओं, पंज प्यारों, नगाड़ों, कीर्तन जत्थों तथा गतका दलों के संग शहर के प्रमुख मार्गों व बाजारों से होता हुआ सायंकाल गुरुद्वारा श्री मंजी साहब गुरुद्वारा में नतमस्तक होकर संपन्न हुआ। यात्रा के मार्ग में युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने अपने सैकड़ों साथियों व गुरु-संगत के साथ टूंडली, रामपुर सरसेहड़ी और राय मार्केट में नगर कीर्तन का पुष्प वर्षा कर गरिमामय स्वागत किया। उन्होंने श्री गुरु ग्रंथ साहिब की पावन पालकी के समक्ष सिर झुकाकर नमन किया तथा पांच प्यारों का भावपूर्ण अभिनंदन-अभिवादन किया। यात्रा के स्वागत में पुष्प वर्षा, माल्यार्पण और श्रद्धा-भाव से भरी संगत की सेवा भावना पूरे मार्ग में दर्शनीय रही। सरवारा का विभिन्न स्थानों पर सम्मान भी किया गया। टूंडली में सरपंच अमरजीत कौर, बलकार सिंह व ग्रामीण संगत रामपुर सरसेहड़ी में क्षेत्र की नपा सदस्य नीलम कश्यप तथा राय मार्केट में सिंह एजूकेशन सोसायटी के प्रधान जीवनजोत सिंह सलूजा सहित अनेकों श्रद्धालुओं ने उन्हें सिरोपा पहनाकर सम्मानित किया।


अंबाला। छात्रों को संबोधित करती जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी।

### केबीसी प्रतियोगिता में रायवाली के राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल की टीम ने प्राप्त किया अव्वल स्थान

**शहजादपुर।** खंड शिक्षा अधिकारी नरोत्तम कुमार की अध्यक्षता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पतरेहड़ी में ब्लॉक लेवल कुशल बिजनेस चैलेंज (केबीसी) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में शहजादपुर ब्लॉक के सभी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों की प्रथम टीमें शामिल हुईं, जिसमें कुल 12 टीमों ने भाग लिया। ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों की प्रतिभागी टीमों ने अपनी नवाचारी व्यावसायिक योजनाएं प्रस्तुत कीं। प्रतियोगिता की निर्णायक मंडल में पवन कुमार, अभिषेक शर्मा और नीरज शर्मा शामिल थे। उन्होंने विद्यार्थीयों के बिजनेस आइडियाज का मूल्यांकन किया। इस कार्यक्रम के दौरान डीईईओ ज्योति रानी ने शिरकत की और सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में पांच टीमें जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई हैं। प्रथम स्थान पर राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल रायवाली, द्वितीय स्थान राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल कड़ासन, तृतीय स्थान राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल धनाना, चतुर्थ स्थान राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल कोडवा खुर्द तथा पांचवे स्थान पर राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल पर रहा। विद्यालय की प्रिंसिपल दीपा कौशिक ने चयनित टीमों के परिणामों की घोषणा की और सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। इस सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्रबंधन और निर्णायक मंडल के सदस्यों का विशेष आभार व्यक्त किया गया।


अंबाला। प्रतियोगिता में विजेता रहे स्टूडेंट्स। फोटो : हरिभूमि

### टैलेंट प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साह के साथ दिखाई प्रतिभा

**बराड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामपुर छपरा में खंड स्तरीय टैलेंट सर्च प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार के निर्देशानुसार तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रहलाद के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार एवं कलस्टर मुखिया गीता द्वारा मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित कर की गई। खंड शिक्षा अधिकारी ने साहा ब्लॉक के सभी विद्यालयों से आए प्रतिभागियों को विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य प्रहलाद ने प्रतियोगिता में शामिल सभी छात्र-छात्राओं, खंड शिक्षा अधिकारी, क्लस्टर मुखिया, जज मंडल एवं उपस्थित शिक्षकों का हार्दिक स्वागत किया। प्रतियोगिता में डांस, म्यूजिक, थिएटर और पेंटिंग से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें विद्यार्थियों ने अपनी कला व प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन जज के रूप में उपस्थित दीदार सिंह, जगत सिंह, पवन कुमार, राजेंद्र सिंह, संतोष देशवाल, इंदु एवं रश्मि द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीआरपी कौशल कुमार, विजेंद्र सिंह तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा। पूरे आयोजन में विद्यार्थियों में उत्साह और प्रतिस्पर्धात्मक भावना देखने को मिली।

**कार्यक्रम** | गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा "सदाबहार गीत" कार्यक्रम का आयोजन

16 गायकों ने एक से बढ़कर एक गीत सुनाकर समां बांधा

# दिल ढूंढता है फिर वही फुरसत के रात-दिन पर संगीत प्रेमी मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा देर सांय फ़ारुखा खालसा सीनियर सैकेंडरी स्कूल सभागार में भव्य संगीतमयी कार्यक्रम /"सदाबहार गीत/" आयोजित किया गया। अंबाला मंडल के प्रवक्ता डॉ.संजय गौतम ने बताया कि कार्यक्रम में म्यूजिकल ग्रुप /"गाता रहे मेरा दिल/" के 16 गायकों ने एक से बढ़कर एक गीत सुनाकर समां बांधा। साथ ही शेरो शायरी भी खूब जमी। सर्वप्रथम कुरुक्षेत्र से संस्थापक अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ व ललित चावला सहित सभी पदाधिकारियों ने मां सरस्वती पूजा उपरांत दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम व्यवस्थापक राकेश ने कार्यकारिणी सहित समूह अध्यक्ष का फूलमाला एवं अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। तदुपरांत अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ द्वारा समूह पदाधिकारियों को दिए प्रोत्साहन और गुदगुदी समूह के उद्देश्य के पश्चात विधिवत शुरू हुए कार्यक्रम में धुरंधर गायकों का क्रम चला जिसमें छावनी प्रभारी राकेश आहूजा, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रमुख इंद्र परुथी और कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र धीमान ने /"होनी को अनहोनी कर दें,अनहोनी को होनी/"...सांग की सामूहिक प्रस्तुति दी। तत्पश्चात राकेश आहूजा ने /"दिल ढूंढता है फिर वही फुरसत के रात-दिन/"..,इंद्र परुथी ने /"मधुबन खुशबू देता है/"...,सुरेंद्र धीमान ने /"दिन ढल जाए मगर रात न जाएआदि गीतों की प्रस्तुति देकर संगीतप्रेमियों की वाहवाही लूटी।


अंबाला। उत्कृष्ट सेवाओं के लिए वरिष्ठ पदाधिकारियों को सम्मानित करते हुए।

### ये रहे उपस्थित

ललित चावला ने अपने संबोधन से आजकल बच्चों द्वारा माता पिता की हो रही उपेक्षा पर ध्यान खींचा। मंच का संचालन इंद्र परुथी ने शब्दों को बहुत ही खूबसूरती से पिरोकर किया। केंद्रीय कार्यकारिणी द्वारा वरिष्ठ पदाधिकारी सुरेंद्र धीमान को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए स्मृति चिह्न,प्रमाण पत्र और दोशाला प्रदान किया गया। सभी गायकों और सहयोगियों को यादगार के तौर पर उपहार दिए गए। कार्यक्रम में सुभाष अरोड़ा, बलजिंद्र सिंह, विनोद धीमान, सुखविंद्र सिंह, सुभाष मित्तल, यमन परुथी, राजेश आहूजा, अदम्यवीर, रचना बनमाली, नीलम अरोड़ा और धूलकोट से राजकुमार सहित बड़ी संख्या में संगीतप्रेमी शामिल रहे।


अंबाला। प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं के साथ प्रिंसिपल व अन्य।

### थाली सजाओ प्रतियोगिता में चेतना ने मारी बाजी, सानिया को मिला दूसरा स्थान

**अंबाला।** एमडीएसडी कॉलेज की एनसीसी यूनिट और एनडीएलआई क्लब द्वारा कार्यकारी प्रिंसिपल डॉ. सीमा की अध्यक्षता में थाली सजाओ प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया।छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता तथा कलात्मक कौशल का सुंदर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में चेतना ने प्रथम स्थान, सानिया ने द्वितीय स्थान, तथा लवलीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुस्कान को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता का संचालन संयोजक रीनू शर्मा, सह संयोजक डॉ. कौशल चौहान एवं कार्यकारी सचिव डॉ. उज्जवल के मार्गदर्शन में किया गया।